# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
**ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)**
www.bilaspuruniversity.ac.in


क्रमांक/4276/परीक्षा–गोपनीय/2021 बिलासपुर दिनांक 6.10.2021

## समय–सारणी (पूरक परीक्षा 2020–21)

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों के स्नातक (बी.ए./बी.एससी./बी.एससी. होम साइंस/बी.कॉम./बी.बी.ए./बी.सी.ए. भाग–1,2,3) की मुख्य परीक्षा सत्र 2020–21 में पूरक घोषित परीक्षार्थियों के लिए जो **पूरक** परीक्षा" में सम्मिलित होने हेतु पूरक परीक्षा आवेदन फार्म भरा है, उनके लिए पूरक परीक्षा का आयोजन **ऑनलाईन/ब्लैंडेड मोड के माध्यम** से विश्वविद्यालय द्वारा निम्नांकित समय–सारणी अनुसार पूरक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा:–

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | कक्षा/वर्ष | दिनाँक/विषय | प्रश्नपत्र डाऊनलोड करने का समय | परीक्षार्थियों हेतु उत्तरपुस्तिका अपने महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (बी.ए./बी.एससी./बी.एससी. होम साइंस/बी.कॉम./बी.बी.ए./बी.सी.ए. | **भाग 03** (समस्त पूरक परीक्षार्थी) | **22/10/2021 (शुक्रवार) समस्त विषय** | **प्रथम प्रश्न पत्र/आधार पाठ्यक्रम** प्रातः 08:00 बजे से **द्वितीय प्रश्न पत्र** प्रातः 11:00 बजे से **तृतीय प्रश्न पत्र (यदि लागू हो तो)** दोपहर 02:00 बजे से | **25/10/2021** |
| 2. | (बी.ए./बी.एससी./बी.एससी. होम साइंस/बी.कॉम./बी.बी.ए./बी.सी.ए. | **भाग 02** (समस्त पूरक परीक्षार्थी) | **22/10/2021 (शुक्रवार) समस्त विषय** | | **25/10/2021** |
| 3. | (बी.ए./बी.एससी./बी.एससी. होम साइंस/बी.कॉम./बी.बी.ए./बी.सी.ए. | **भाग 01** (समस्त पूरक परीक्षार्थी) | **22/10/2021 (शुक्रवार) समस्त विषय** | | **25/10/2021** |

**परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश:–**

01. छात्र–छात्राएं दिनांक **16.10.2021** से "उक्त परीक्षा" हेतु प्रवेश पत्र **www.bilaspuruniversity.ac.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।
02. छात्र–छात्राएं दिनांक **16.10.2021** से संबंधित महाविद्यालय से कोरी उत्तर पुस्तिका प्राप्त कर सकते हैं।
03. **उत्तर पुस्तिका महाविद्यालय से ही प्राप्त किया जाना है। आनलाईन/वेबसाईट से प्रिंट की हुई उत्तर पुस्तिका मान्य नहीं होगी। विशेष परिस्थिति में अथवा राज्य से बाहर होने पर यदि छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन/वेबसाईट से उत्तर पुस्तिका प्रिंट कर निकाली जाती है एवं इसमें उत्तर लिखकर इन्हें महाविद्यालय में जमा किया जाता है तो लिखित उत्तर पुस्तिका जमा करने के साथ–साथ परिस्थिति/कारण स्पष्ट करते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य को संबोधित पत्र प्रेषित करेंगे, (किस कारण महाविद्यालय से उत्तर पुस्तिका प्राप्त नहीं की जा सकी) विश्वविद्यालय द्वारा कारण की समीक्षा की जावेगी, कारण उचित पाये जाने पर ही परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा।**
04. विशेष परिस्थिति में अथवा राज्य से बाहर होने पर आनलाईन/वेबसाईट से प्रिंट की हुई उत्तर पुस्तिका का कव्हर पेज परीक्षार्थी द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bilaspuruniversity.ac.in** के होम पेज ओपन कर **Left Side** में दिये गये **Quick Link** पर **Download Answer Sheet** लिंक को क्लिक कर डाउनलोड/प्रिंट कर उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ को प्रयुक्त करते हुये कुल 32 पृष्ठों की उत्तरपुस्तिका बनाकर उपयोग करेंगे। मुख्य पृष्ठ में महाविद्यालय कोड अंकित करना अनिवार्य होगा। कुल 32 पृष्ठ से अधिक की उत्तर पुस्तिका मान्य नहीं होगी।
05. **विशेष परिस्थिति में अथवा राज्य से बाहर होने पर** उत्तरपुस्तिका के लिए परीक्षार्थी सामान्य A–4 साईज का पेज (स्टेपल्ड) का उपयोग कर सकते है। प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए अलग–अलग उत्तरपुस्तिका बनाना अनिवार्य होगा।

06. महाविद्यालय हेतु आवश्यक निर्देशः– **विशेष परिस्थिति में अथवा राज्य से बाहर होने पर यदि परीक्षार्थी द्वारा वेबसाईट से उत्तर पुस्तिका प्रिंट कर निकाली जाती है एवं इसमें उत्तर लिखकर इन्हें स्पीड पोस्ट के माध्यम से महाविद्यालय में जमा किया जाता है तो महाविद्यालय द्वारा ऐसे परीक्षार्थियों की लिखित उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कर प्राप्त अंको को पोर्टल में अपलोड करने के पश्चात् ऐसी उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र के साथ पृथक से बंद लिफाफे में विश्वविद्यालय को प्रेषित करेगें। फाईल/काऊंटर फाईल की हार्डकॉपी जमा करने के साथ ही उक्त उत्तर पुस्तिका को भी जमा करेंगें।**

07. उत्तरपुस्तिका स्व हस्तलिखित होनी चाहिए। टाईप या फोटोकॉपी किए हुए उत्तर पुस्तिका स्वीकार नहीं किए जायेंगे। इस हेतु परीक्षार्थी स्वंय जिम्मेदार होंगे।

08. कोविड–19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए **S.O.P.** का पालन करते हुये परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाएं संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे तथा **विशेष परिस्थिति में अथवा राज्य से बाहर होने पर ही** परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका को स्पीड पोस्ट के माध्यम से संबंधित महाविद्यालय को प्रेषित करेंगे। ध्यान रखें कि लिखित उत्तर पुस्तिका किसी भी स्थिति में सीधे विश्वविद्यालय को प्रेषित ना करें।

09. **ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड आधारित परीक्षा परिणाम पर परीक्षार्थी को पुनर्गणना की पात्रता नहीं होगी।**

10. **सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड आधारित सम्पन्न परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिका परीक्षार्थी को प्रदान नहीं की जाएगी।**

11. समस्त कक्षाओं के प्रश्नपत्र निर्धारित तिथि अनुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.bilaspuruniversity.ac.in** पर **Download Question Paper** लिंक को क्लिक कर **(निर्धारित समय में)** परीक्षार्थी अपना प्रश्नपत्र डाउनलोड करेंगे। छात्रों को प्रश्नपत्र उनके यूजर आईडी पर भी उपलब्ध रहेगा।

12. छात्र–छात्राएं संबंधित महाविद्यालय के वेबसाईट से भी अपना प्रश्नपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

13. परीक्षार्थी अगर उक्त माध्यमों से प्रश्न पत्र प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो विशेष परिस्थिति में निम्न संकायवार व्हाट्सप नम्बरों पर प्रश्नपत्र हेतु मैसेज कर प्रश्नपत्र प्राप्त कर सकते हैं।
**विज्ञान संकाय हेतु श्री मोती लाल ध्रुव मो.नं. 9406030585**
**कला संकाय हेतु श्री आर.के. विश्वकर्मा, मो.नं. 9617442064,**
**वाणिज्य संकाय हेतु श्री लक्ष्मण दास पनिका मो.नं. 8839798665,**
**परीक्षा प्रभारी श्री प्रदीप सिंह मो.नं. 9425535618 (विशेष परिस्थिति में)**

14. कोविड–19 से उत्पन्न विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एवं शासन द्वारा गाईडलाईन का पालन करते हुए परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाएं महाविद्यालयों में जमा करेंगे। इस हेतु वे महाविद्यालय में संपर्क कर दिशा–निर्देश प्राप्त कर सकते हैं।

15. ऐसे समस्त परीक्षार्थी जिन्होंने पूरक परीक्षा हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरा है, उन्हें "ओपन बुक" आधारित परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

16. प्रायोगिक परीक्षा हेतु सभी परीक्षार्थी अपने महाविद्यालयों से परीक्षा में ऑनलाईन माध्यम से सम्मिलित हो सकेंगे। कृपया ऐसे परीक्षार्थी जो प्रायोगिक परीक्षा में पूरक हैं वे अपने महाविद्यालयों से संपर्क कर प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होना सुनिश्चित करें।

17. परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र से विषय का मिलान कर संबंधित प्रश्न पत्र को हल करें।

18. परीक्षार्थीयों को अपनी उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करना अनिवार्य होगा। विशेष दशा में स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय को प्रेषित की जा सकती है।

19. परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिका के साथ प्रवेश पत्र की एक प्रति जमा करना अनिवार्य है।

20. उत्तरपुस्तिका स्व हस्तलिखित होना चाहिए। टाईप या फोटोकॉपी किए हुए उत्तर पुस्तिका स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

21. उत्तरपुस्तिका जमा करने पर जमा की गई उत्तरपुस्तिका की पावती संबंधित महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी।

22. परीक्षार्थियों को अगर परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या है तो महाविद्यालय के प्राचार्य से सम्पर्क कर समस्या का समाधान कर सकते है।

महाविद्यालयों हेतु निर्देशः–

01. प्रायोगिक परीक्षा हेतु महाविद्यालय सत्र 2020–21 की प्रायोगिक परीक्षा हेतु नियुक्त बाह्य परीक्षक से ही ऑनलाईन माध्यम से प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न करायें।

02. प्रायोगिक परीक्षा के देयकों का भुगतान विश्वविद्यालय के नियमानुसार किया जायेगा। कृपया प्राचार्य उक्त देयकों का सत्यापन कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

03. प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की सूची कक्षावार, विषयवार महाविद्यालय विश्वविद्यालय के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है।

04. प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय के पोर्टल पर दर्ज करना होगा।

05. **उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा करवाया जायेगा। महाविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिका दिनांक 27.10.2021 तक व्यक्तिशः विश्वविद्यालय में जमा करवायी जायेगी। इसके पश्चात् उत्तर पुस्तिका जमा नहीं की जा सकेगी।**

06. महाविद्यालय के प्राचार्य परीक्षार्थियों से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु परीक्ष नियंत्रक/परीक्षा प्रभारी से सम्पर्क कर सकते है।

**किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति में विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. 8889928648 पर संपर्क किया जा सकता है।**

आदेशानुसार
Sd/- 6.10.21
परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर।

पृ. क्रमांक/4277/परीक्षा–गोपनीय/2021 बिलासपुर दिनांक 6/10/2021

01. माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
02. कुलसचिव महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. माननीय कुलपति महोदय/कुलसचिव, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. वित्ताधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
05. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र/छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें।
06. संपादक/संवाददाता, दैनिक .............................. समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
07. विश्वविद्यालय सूचना पटल/वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

Sd/- 06/10/2021
परीक्षा प्रभारी